आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

लोकसभा सत्र

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान अस्थाई अध्यक्ष तौर पर नियुक्त वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र गुरुवार से शुरू होगा।

वित्त आयोग

16वें वित्त आयोग का एक दल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर है। आयोग की आज शिमला में राज्य सरकार के साथ एक अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक के आधार पर आयोग आगामी 5 वर्षों के लिए आर्थिक मदद पर एक रिपोर्ट तैयार करेगा। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष पहली अप्रैल से वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होनी हैं और इन्हीं सिफारिशों के तहत ही राज्यों के लिए राजस्व का वितरण होता है।

नामांकन

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप–चुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ में उप–चुनावों के लिए कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। उन्होंने कहा कि देहरा में कुल सात, हमीरपुर में चार व नालागढ़ में आठ उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि 25 व 26 जून को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उप–चुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी। इस बीच इन विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप–चुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा के वरिष्ठ नेता अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जोर–शोर से प्रचार में जुट गए हैं।

चैडविक हाउस

शिमला के समरहिल स्थित ऐतिहासिक इमारत चैडविक हाउस आज से नए रूप में दिखेगा। इसके पुनर्निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और इमारत को भारतीय लेखा व लेखा परीक्षा सेवा संचालित करेगा। देश के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक गिरिश चंद्र मुर्मू आज इसका शुभारंभ करेंगे। गौरतलब है कि चैडविक हाउस का इतिहास काफी समृद्ध रहा है और यह भवन भारत की आजादी के संघर्षों का भी साक्षी रहा है। सीपीडब्ल्यूडी के अधीशाषी अभियंता नवीन कुमार के अनुसार इसके पुनर्निर्माण पर करीब 15 करोड़ रूपए की राशि खर्च हुई है और अब शहरवासियों समेत यहां आने वाले पर्यटकों के लिए इसे खोला जा रहा है। हालांकि इसमें अभी प्रवेश शुल्क निर्धारित नहीं किया गया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कार्यक्रम 30 जून को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सुझाव मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1945–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में भेजे जा सकते हैं। मन की बात के इस अंक के लिए सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद मन की बात रेडियो कार्यक्रम का यह एक सौ ग्यारहवां अंक है।

मौसम

प्रदेश में प्री मानसून की वर्षा का दौर जारी है। बीते कल मनाली, रोहतांग बारालाचा सहित प्रदेश की अधिक ऊंचाई वाली चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है जबकि कई अन्य क्षेत्रों में वर्षा हुई है। इधर प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में उमस भरी गर्मी जारी है। ऊना जिला पिछले 24 घंटों के दौरान 40 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा। इसी तरह बिलासपुर का अधिकतम तापमान 39, हमीरपुर का 38 और सुंदरनगर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और किन्नौर में तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है । विभाग के अनुसार राज्य में 28 या 29 जून तक मानसून के पहुंचने की उम्मीद है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी हैं। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल ने केंद्र से मांगा प्रोजेक्टों के लिए 10 हजार करोड़ का बजट।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है लगेगी वीरभद्र सिंह की प्रतिमा, सब चीजों पर किया जा रहा गौर। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं रिज पर जल्द स्थापित होगी वीरभद्र सिंह की प्रतिमा। दैनिक जागरण लिखता है रिज नहीं, इसके आसपास लगेगी वीरभद्र सिंह की प्रतिमा।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है कई उम्मीदें लेकर हिमाचल पहुंचा फायनांस कमीशन–चेयरमैन डा. अरविंद पनगढ़िया ने हिमाचल से की देशभर के दौरे की शुरूआत।

बागवानों को राहत शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है 6 प्रतिशत जीएसटी कम होने से सेब के कार्टन 55 से 60 रूपए तक मिलेगा।

मौसम पर दैनिक सवेरा टाइम्स की सुर्खी है हिमाचल में 28 को पहुंचेगा मानसून। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं कांगड़ा, चंबा समेत 5 जिलों में आज झमाझम बारिश का अलर्ट। अमर उजाला के अनुसार मंडी, चंबा, कांगड़ा में बरसे बादल, ऊना का पारा 40 पार।